दिन–गुरूवार दिनांक– 10/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. को लेकर सुप्रीम कोर्ट मे दायर याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और जे. बाग्ची की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तरीके और समय को लेकर आयोग के कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अगर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य बंद नहीं किया जाता है तो लाखों मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी है। अब तक चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या कुल मतदाताओं का सत्तावन दशमलव चार–आठ प्रतिशत है। आयोग ने कहा है कि यदि यही गति बनी रही तो शेष प्रपत्र को निर्धारित समय सीमा पच्चीस जुलाई से पहले ही एकत्र कर लिया जाएगा। आयोग ने अस्थाई रूप से माईग्रेटेड मतदाताओं से गणना प्रपत्र को वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या वॉट्सएप जैसे ऑनलाइन माध्यम से अपने बीएलओ को भेजने की अपील की है।

————————————————————

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की सत्ताईसवीं बैठक आज रांची में हो रही है। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के प्रतिनिधि शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी बैठक में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में नक्सलवाद, अंतर–राज्यीय सहयोग, सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा और विकास जैसे कुल बीस मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

————————————————————

पटना के दशरथ मांझी सभागार में श्रम संसाधन विभाग और बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से आज से पंद्रह जुलाई तक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव दीपक आनंद ने बताया कि रोजगार मेले में देशभर की अस्सी से अधिक नामचीन कंपनियाँ भाग ले रही हैं। अब तक पैंतीस हजार से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया है। वहीं, बिहार कौशल विकास मिशन के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेश भारती ने कहा कि रोजगार मेले के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी दिया जाएगा।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिये।

———————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता में कमी आने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई जिले के चकाई में सबसे अधिक बत्तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, अगले पांच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने गोपालगंज जिले के भोरे विधानसभा क्षेत्र के ख़िरीडीह पंचायत में नवनिर्मित स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम के निर्माण पर दो करोड़ रूपये की लागत आई है।

अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक पिकअप वैन से छप्पन कार्टन शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तोड़लबीघा गांव में एक बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।